an>

Title: Need to provide passenger facilities including development of railway platform at Bhannaur railway station in Machhlishahr Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर)ः मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत पड़ने वाले जंघई से जौनपुर के बीच भन्नौर स्टेशन पर स्टेशन तो बना है पर आवश्यक सुविधाएं जैसे प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रीगण को डिब्बे से कूद-फांदकर उतरना पड़ता है जिससे यात्रीगण प्रायः चोटिल हो जाते हैं। कभी-कभी ट्रेन के बीच में फंसने का डर रहता है। समस्या तब कहीं अधिक गंभीर हो जाती है जब जिला मुख्यालय से दूर होने के कारण गर्भवती महिलाएं, बूढ़ी औरतें, पुरुष, बच्चे आदि को चढ़ने-उतरने में काफी परेशानी होती है। इस स्टेशन से लगभग 30 से 35 गांवों के नागरिक ट्रेन की सुविधा लेते हैं। इस स्टेशन के पास से ही सिर्फ वधवा बनारस मार्ग गुजरता है जो उस क्षेत्र के आवागमन का मुख्य मार्ग है। इस से उतरकर अन्य 50 गांवों के व्यक्ति ट्रेन पकड़ते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि यात्रियों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त भन्नौर स्टेशन का विकास प्लेटफार्म व अन्य सुविधाएं प्रदान कराने की कृपा की जाए। मैं तथा मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर (उत्तर प्रदेश) के निवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।